दिन– गुरूवार दिनांक– 18 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को नए जोश के साथ संरक्षित, प्रोत्साहित और आगे बढ़ाया जा रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि 'विरासत भी, विकास भी' के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, पुरातन वस्तुओं की वापसी से लेकर आध्यात्मिक और तीर्थयात्रा संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तक के प्रयास लोगों को भारत की शाश्वत परंपराओं से फिर से जोड़ रहे हैं।

————————————————————————

केंद्र सरकार वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में छब्बीस हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–पीएम.जी.एस.वाई. और संबंधित ग्रामीण संपर्क पहलों के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए अठारह हजार नौ सौ करोड़ से अधिक रुपए आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल ने की, जिसमें बिहार समेत कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राज्यों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम–जनमान के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया है, इसमें विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की बस्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत एवं पारण परेड समारोह में पांच हजार नवप्रशिक्षित गृह रक्षकों की पासिंग आउट परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा, आपदा के समय सहायता तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने में होमगार्ड जवानों की भूमिका महत्वपूर्ण है और जनता की सेवा ही उनका सर्वोच्च

दायित्व है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।

———————————————————————————

बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर बिहार विधानमंडल परिसर में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विभूति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, पटना के अनुग्रह नारायण कॉलेज का स्थापना दिवस भी आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र की वैधता उसे जारी करने की तिथि से एक साल तक के लिए मान्य होगी। पहले इसे जारी किये जाने की तिथि से इकतीस मार्च को इसकी वैधता समाप्त हो जाती थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————————

प्रदेश के छह जिलों में बीस जून से पासपोर्ट सेवा केन्द्र काम करने लगेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी, पश्चिम चम्पारण के बेतिया, अररिया के फारबिसगंज, गोपालगंज, सीवान और गयाजी में यह सेवा केन्द्र खोले गये हैं।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए पटना, खगड़िया, जमुई, नवादा, नालंदा, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा और समस्तीपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मध्यम दर्जे की मेघगर्जन, वज्रपात तथा वर्षा के साथ पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की प्रवल संभावना है।

———————————————————————————

मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान दरभंगा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों से छह फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित नवादा, गया, अरवल, रोहतास, भोजपुर और भागलपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से ब्लूटूथ, वाकी टॉकी सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। मामले को लेकर जिले के विभिन्न थानों मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

———————————————————————

अररिया जिले के भारत–नेपाल सीमा से सटे बसमतिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन से एक सौ उन्नीस ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के बाउर गांव में तालाब में डूबने से सगे भाई–बहन की मौत हो गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।